दिनांक 28 मार्च, 2021

# शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान गोरखपुर

## प्रेस विज्ञप्ति

**"गोरखपुर प्राणि उद्यान का लोकार्पण समारोह"**

मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 सरकार के कर कमलों द्वारा दिनांक 27.03.2021 को शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान गोरखपुर के लोकार्पण के उपरान्त आज दिनांक 28.03.2021 को गोरखपुर प्राणि उद्यान अपने नियमित समय पर खोला गया। प्राणि उद्यान के पहले दिन कोविड–19 के समस्त दिशानिर्देशों का पालन करने के साथ–साथ जबरदस्त उत्साह दिखाते हुए दिन की समाप्ति तक लगभग 4800 दर्शकों द्वारा प्राणि उद्यान में भ्रमण कर मनोरंजन किया गया व विभिन्न सुविधाओं के साथ–साथ वन्य जीवों का लुत्फ उठाया गया। प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा दर्शकों के प्रवेश के समय मास्क के साथ सोशल डिस्टेंसिंग भी सुनिश्चत करवाया गया। 4800 दर्शकों के आगमन से प्राणि उद्यान गुलजार हुआ तथा मात्र प्रवेश शुल्क से लगभग 2 लाख 20 हजार की आय हुयी। इसके अतिरिक्त पार्किंग शुल्क से लगभग रू0 21 हजार की आय तथा साइट सीइंग वाहन के 181 व्यक्तियों/बच्चों के प्रयोग से धनराशि रू0 2960.00 की आय प्राणि उद्यान गोरखपुर को हुयी।

**फोटो संलग्न है–**

**(डा0 एच0 राजा मोहन)**
**निदेशक**
**शहीद अशफाक उल्ला खां**
**प्राणि उद्यान गोरखपुर**







